प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 06.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के दौरान छात्रों से की बातचीत, परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर छात्रों को किया संबोधित।
2. लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित, अध्यक्ष ने कहा– व्यवधान के कारण अब तक सदन के 19 घंटे से अधिक का समय हुआ बर्बाद।
3. 48 नगर निकायों में नामांकन वापस लेने की आज अंतिम तिथि, उम्मीदवारों को कल चुनाव चिन्ह किए जाएंगे आवंटित।
4. सहायक आचार्य परीक्षा परिणाम पर हाईकोर्ट सख्त, जेएसएससी से शपथ पत्र दायर कर परीक्षा के सभी पदों का परीक्षाफल कब जारी किया जाएगा बताने का दिया निर्देश।

और

5. ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स के पूर्वी क्षेत्र की उप निदेशक ने जमशेदपुर का किया दौरा, उपभोक्ताओं से कम कीमत के नॉन–स्टैंडर्ड उत्पाद न खरीदने की अपील की।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों के साथ अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के दौरान छात्रों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में, प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर छात्रों को संबोधित किया। श्री मोदी ने छात्रों को अपने स्वयं के अनूठे शिक्षण तरीकों पर भरोसा रखने की सलाह दी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'परीक्षा पर चर्चा' को लेकर गिरिडीह जिले में खासा उत्साह देखा गया। जिले के कई स्थानों पर छात्र–छात्राओं ने प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम को टीवी पर देखा। जिले के एक शिक्षक ने कहा कि छात्राओं से ज्यादा शिक्षक को परीक्षा पर चर्चा को लेकर उत्सुकता रहती है।

वहीं, एक छात्रा मीनाक्षी ने कहा कि प्रधानमंत्री का बयान तनाव घटाने वाला और प्रेरणादायक है।

इधर, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गुमला जिला मुख्यालय स्थित डिस्ट्रिक सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में किया गया। जहां मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं ने ध्यान पूर्वक देखा।

*******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों से संवाद की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह संवाद छात्रों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करता है तथा परीक्षा को जीवन का एक हिस्सा मानने का संदेश देता है। प्रधानमंत्री का यह प्रयास छात्रों को तनावमुक्त रहकर सही योजना, निरंतर अभ्यास और आत्मबल के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करता है।

*******************

लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह सदन की बैठक शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराने का प्रयास किया, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए कहा कि व्यवधान के कारण अब तक सदन के 19 घंटे से अधिक का समय बर्बाद हो चुका है। अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष से सदन की गरिमा बनाए रखने और कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील की, लेकिन हंगामा जारी रहने के कारण सदन स्थगित करना पड़ा।

*******************

झारखंड के 48 नगर निकायों में चुनाव को लेकर चुनावी प्रक्रिया अब अपने अगले चरण में पहुँच गई है। नामांकन वापस लेने की आज अंतिम तिथि है। जो प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ना चाहते, वे आज शाम तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चुनावी मैदान में डटे रहने वाले उम्मीदवारों को कल, चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। स्क्रूटनी के बाद राज्यभर में 6 हजार 5 सौ 55 प्रत्याशी मैदान में है। सभी 48 निकायों में 23 फरवरी को बैलेट पेपर के जरिए मतदान होगा और 27 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

*******************

झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के परीक्षाफल को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से जवाब मांगा है। अदालत ने जेएसएससी के सचिव को व्यक्तिगत रूप से शपथ पत्र दायर कर यह बताने का निर्देश दिया है कि परीक्षा के सभी पदों का परीक्षाफल कब जारी किया जाएगा। सुनवाई के दौरान अदालत ने जानना चाहा कि टुकड़ों–टुकड़ों में सहायक आचार्य परीक्षा का परिणाम क्यों निकाले जा रहे हैं।

*******************

ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स के कंज्यूमर अफेयर्स डिपार्टमेंट, पूर्वी क्षेत्र की उप निदेशक मीनाक्षी गणेशन एक दिवसीय दौरे पर बीआईएस की जमशेदपुर शाखा पहुंचीं। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बीआईएस की प्राथमिकता उपभोक्ताओं को उत्पाद की गुणवत्ता और सही मूल्य सुनिश्चित करना है। उन्होंने कम कीमत के लालच में नॉन–स्टैंडर्ड उत्पाद न खरीदने की अपील की।

*******************

जिला खनन विभाग ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुगमा, स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड  चासनाला और टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिवीजन को राजस्व वसूली के लिए करीब 183 अरब रुपए जमा करने का नोटिस भेजा है। नोटिस की तिथि से 15 दिन के अंदर रकम जमा करने का निर्देश दिया गया है।

*******************

आईआईटी आईएसएम धनबाद में आज से तीन दिवसीय इंडस्ट्री–इंस्टीट्यूट इंटरैक्शन कार्यक्रम शुरू हो गया है। कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित है। कार्यक्रम में देशभर से उद्योग, विज्ञान और शिक्षा जगत के विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन के दौरान आईआईटी आईएसएम की हाईटेक प्रयोगशालाएं आम लोगों के लिए खोली जाएंगी।

*******************

रांची के मेन रोड स्थित एक मॉल के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कल देर रात अपने आवास की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत होता है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 43 हजार 3 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 64 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

अंडर–19 क्रिकेट विश्व कप 2026 का फाइनल मुकाबला आज, भारत और इंग्लैंड के बीच जिम्बाब्वे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है। भारतीय टीम लगातार छठी बार फाइनल में पहुंची है और आज उसकी नज़र छठे विश्व खिताब पर है।

*******समाप्त*******